EMA INDIA LIMITED
CIN:L27201UP1971PLC003408
Mfrs. of Induction Heating and Honing Machines & Accessories

Date: 17/05/2023

To,
Manager-CRD,
BSE Limited,
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street,
Mumbai-400001

Dear Sir / Ma'am,

**Sub: Copy of Advertisement published in Newspaper- Intimation of Board Meeting of the Company for Quarter and year ended 31st March, 2023.**

**Re: EMA India Limited; Scrip Code: 522027**

Pursuant to the provision of Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, enclosed herewith the copies of advertisement published in 'Financial Express' English Edition and 'Rashtriya Sahara' Hindi Edition on 17th May, 2023 for intimation of Board Meeting for Audited Financial Results of the Company for the Quarter and Year ended 31st March, 2023.

Kindly take the above on record.

Thanking You,

Yours faithfully

**For EMA India Limited**

**(Namita Sabharwal)**
**Company Secretary and Compliance Officer**
**Membership no.- A35411**

**Encl:** As above

Regd. Office & Postal Address: EMA INDIA LTD., C-37, Panki Industrial Area, P.O. Udyog Nagar, Kanpur-208 022, INDIA

Honing Machine Division: GEHRING INDIA (A Div. of Ema India Ltd.), Vill. Maharajpur, 19th Km. Stone, P.O. Tantiyaganj, Mandhana, Kanpur Dehat-209 203, INDIA

EMA Tel. : +91-512-691210-11-12-13
Fax : +91-512-691214
GEHRING Tel. : +91-5112-20105, 20107
Fax : +91-5112-20106
E-mail : emain@lw1.vsnl.net.in

उत्तर प्रदेश सरकार में सेवारत 16.35 लाख राज्य कर्मचारियों एवं 11 लाख पेंशनरों के व्यापक हित में प्रदेश सरकार द्वारा एक जनवरी, 2023 से देय महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत की दर में 4 फीसद वृद्धि करते हुए इसे 38 फीसद से बढ़ाकर 42 फीसद करने का निर्णय लिया गया है। —— योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

## संक्षिप्त खबरें

### जिविनि को शिक्षकों की बतायीं समस्यायें

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने जिला विद्यालय निरीक्षण को ज्ञापन देकर शिक्षकों की समस्याओं से अवगत कराया। बिंदुवार समस्यायें गिनाते हुए उनके निस्तारण की मांग की। शिक्षक नेताओं ने जिला विद्यालय निरीक्षण को ज्ञापन देकर अवगत कराया कि कोरोना महामारी के शिकार मृतकों के आश्रितों की नियुक्तियां नही हो पायी हैं। कई विद्यालयों के शिक्षकों का चयन वेतनमान, प्रोन्नत, वेतन, लोन प्रकरण, मानदेय लंबित है। इस मौके पर संघ के प्रदेश संयोजक शैलेंद्र द्विवेदी, प्रदेश मंत्री बृज भूषण मिश्रा, जिलाध्यक्ष अवधेश कटियार, जिला महामंत्री राहुल मिश्रा, रण विजय सिंह, प्रेम चंद्र त्रिपाठी मौजूद थे।

### केडीए अधिकारी को मिला प्रशस्ति पत्र

**कानपुर।** निकाय चुनाव में जिले में उत्कृष्ट कार्य के लिए भैर पाल सिंह पीसीएस विशेष कार्याधिकारी केडीए को डीएम विशाख जी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। पूर्व में भी भैर पाल को विधान सभा निर्वाचन-2012, विस. सभा सामान्य निर्वाचन-2017 एवं लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2019 में भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये थे। उन्हें केडीए सचिव, अधिशासी अभियन्ता आरके पाण्डेय, धीरेन्द्र बाजपेई तहसीलदार अर्चना अग्निहोत्री आदि ने बधाई दी।

### संजयवन के पास सेल्समैन से मोबाइल लूट

**कानपुर।** किदवई नगर संजय वन के पास मंगलवार दोपहर बाइक सवार लुटेरों ने एक सेल्समैन से मोबाइल लूट लिया। वारदात को अंजाम देने के बाद लुटेरे भाग निकले। लुटेरों का पीड़ित ने पीछा किया, लेकिन वे भागने में सफल रहे। मौके पर पुलिस पीड़ित से पूछताछ कर लौट गई। केशवपुरम निवासी संदीप खरे एक पान मसाला कम्पनी में सेल्समैन हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार दोपहर वह तगादा करने किदवई नगर 40 दुकान जा रहे थे। तभी संजय वन के पास उनके मोबाइल पर किसी का फोन आया। वह बाइक किनारे लगा कर उस पर बैठ कर बात करने लगे, तभी पीछे से आये एक बाइक पर सवार दो लुटेरों ने झपट्टामार कर उनके हाथ से मोबाइल छीन लिया और यशोदानगर वाई पास की ओर भाग निकले। लुटेरों को मोबाइल लेकर भागते देख पीड़ित ने शोर मचाते हुये उनका पीछा किया,लेकिन लुटेरें यशोदानगर वाई पास होते हुये रामादेवी की ओर भाग निकले। पुलिस को पीड़ित ने बताया कि बाइक चला रहे लुटेरे ने हेलमेट पहन रखा था और बाइक पर पीछे बैठे लुटेरे ने मुंह में रूमाल बांध रखा था। *(एसएनबी)*

**EMA INDIA LIMITED**
Regd. Office : C-37, Panki Industrial Area, P.O. Udyog Nagar, Kanpur-208022, Tel: +91-512-2691210-11
Website : www.eiltd.info, E-Mail : emaindia.cs@gmail.com,
CIN – L27201UP1971PLC003408

**NOTICE**

Pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 and other applicable regulations of the SEBI (LODR) Regulations, 2015, notice is hereby given that the Meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on Friday, 26th May, 2023 inter-alia to consider and approve the Audited Financial Results of the Company for the quarter and year ended 31st March, 2023.
The information contained in this notice is also available on the Company's corporate website (www.eiltd.info) and on the website of BSE Limited (www.bseindia.com).

For EMA INDIA LTD.
Sd/-
(Namita Sabharwal)
Company Secretary

Date : 16.05.2023
Place : Kanpur



रोजमर्रा की समस्या : स्कूल छूटने पर सिविल लाइंस में लगा जाम। फोटो : एसएनबी

# महिला पहलवानों के समर्थन में ट्रेड यूनियनों का प्रदर्शन

**आरोपी की गिरफ्तारी को राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन अपर श्रमायुक्त को सौंपा**

**कानपुर (एसएनबी)।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच ने अपर श्रमायुक्त कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर महिला पहलवानों को न्याय दो के नारे लगाये। इस मौके पर आरोपी की गिरफ्तारी व महिला पहलवानों को न्याय देने को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अपर श्रमायुक्त को सौंपा।



महिला पहलवानों के समर्थन में प्रदर्शन करते ट्रेड यूनियनों के पदाधिकारी।

केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच ने अपर श्रमायुक्त को सौंपे ज्ञापन में कहा कि देश के कई जाने माने पहलवानों द्वारा सांसद व भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष की गिरफ्तारी व उन्हें पद से हटाये जाने की मांग को लेकर आंदोलन का चौबीसवां दिन है। प्रदर्शन के तहत कुश्ती खिलाड़ियों के साथ कथित तौर पर यौन उत्पीड़न के आरोपी कुश्ती संघ के अध्यक्ष को गिरफ्तार करने व पद से बर्खास्त करने की मांग करते हैं। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे श्रमिक नेताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि अपने अद्भुत खेल कौशल से दुनिया में देश का परचम लहराने वाली महिला पहलवान आज न्याय के लिए जंतर-मंतर पर दर-दर की ठोकरें खा रही हैं। आरोप लगाया कि सरकार आरोपी सांसद को बचाने में लगी है। इस मामले में सरकार की चुप्पी से लोगों में रोष है।

इस मौके पर संयोजक असित कुमार सिंह, राजेश शुक्ला, पीएस बाजपेई, राणा प्रताप सिंह, राजीव खरे, गौरव दीक्षित, आरडी गौतम, एसएएम जैदी, आरपी कनौजिया, रामप्रकाश राय, उमेश शुक्ला, विजय शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# जीएसटी सर्वे के खिलाफ व्यापारियों ने बनायी टॉस्क फोर्स

**कानपुर (एसएनबी)।** जीएसटी के सर्वे को लेकर मंगलवार को भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के बैनर तले व्यापारियों की बैठक किदवई नगर मार्बल मार्केट में आयोजित की गयी। व्यापारियों ने सर्वे के आदेश को बाजारों में भय का माहौल बनाने वाला बताया। साथ ही बैठक में टॉस्क फोर्स का गठन किया गया। जो कि सर्वे का विरोध करेगी।





किदवई नगर मारबल मार्केट पर प्रदर्शन करते भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी। फोटो : एसएनबी

किदवई नगर मार्बेल मार्केट में आयोजित बैठक में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की महानगर स्तर पर टास्क फोर्स का पुनर्गठन करते हुए मार्बल व्यापारी पवन गौड को महानगर संयोजक व गल्ला व्यापारी अनुराग जयसवाल बबलू को सह संयोजक नियुक्त किया गया। इनको शामिल करते हुए 21 सदस्यीय टास्क फोर्स का गठन किया गया। व्यापारियों द्वारा जी एस टी के सर्वे छापे स्वीकार नहीं लिखे पोस्टर लगाये गए व मार्बल मार्केट में ही पोस्टर लेकर प्रदर्शन भी किया गया। तय हुआ कि स्टेट या सेंट्रल जीएसटी से कोई भी अधिकारी बाजारों में जांच सर्वे छापे के लिए आएगा या किसी भी व्यापारी का उत्पीड़न होगा तो 21 सदस्यीय महानगर टास्क फोर्स के सदस्य मौके पर जाकर विरोध करेंगे।

व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्रा ने कहा कि एक आदेश 16 मई से उप्र में बाजारों में जाकर स्टेट जीएसटी व सेंट्रल जीएसटी के अधिकारी फर्मों की जांच करेंगे। जबकि उप्र और कानपुर ने भी अप्रैल माह में जीएसटी कलेक्शन में रिकॉर्ड बनाया है। ऐसे में इस तरह की जांच का आदेश पारित करके भय

**भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल ने विरोध में किया प्रदर्शन**

**बाजारों में भय का माहौल बनाने का लगाया आरोप**

का महौल बनाना कतई उचित नहीं है। अगर इस तरह की कोई उत्पीड़नात्मक कार्यवाही हुई और किसी भी व्यापारी को परेशान किया गया तो मौके पर जाकर विरोध किया जाएगा। महानगर अध्यक्ष सरदार गुरुजिंदर सिंह ने कहा कि विभाग को व्यापार बढ़ाने के उपाय करने चाहिए न कि जांच के नाम पर भय का माहौल बनाना चाहिए। अभी दो दिन पहले ही निकाय चुनाव की आचार संहिता समाप्त हुई है और सहालग भी चल रही है, ऐसे में बाजारों में स्टेट व सेंट्रल जी एस टी के अधिकारी जांच सर्वे छापे के नाम पर भय न बनाएं। बैठक में रामकांत शर्मा, विनायक पोद्दार, मनोज विश्वकर्मा, जय कुमार शर्मा, भोला मिश्र,मार्बल मार्केट अध्यक्ष अशोक केसरवानी, विजय गुप्ता,प्रखर शुक्ला,गौरव शर्मा, शिवांशु गुप्ता,सौरभ गौड,आशीष गुप्ता,आलोक गुप्ता, राघव त्रिवेदी, आशुतोष शुक्ला,प्रशांत मिश्र, नरेश चौरसिया, राकेश गुप्ता,विनोद दधीचि, प्रवीण चौधरी, लालू गुप्ता, धीरज मिश्र,कमलेंद्र सिंह, सोनू तिवारी,सोनू गुप्ता आदि मौजूद रहे ।

## जीएसटी सर्वे पर उद्यमियों में भ्रम की स्थिति

**कानपुर (एसएनबी)।** कोआपरेटिव स्टेट दादानगर में आयोजित बैठक में जीएसटी विभाग के 16 मई से शुरु किये जाने सर्वे अभियान को लेकर चर्चा की गयी। उद्यमियों ने शंका जाहिर की कि सर्वे की आड़ में उत्पीड़न किया जाएगा। उद्यमियों का कहना था कि इस तरह के आदेशों को लेकर साफ कहा कि इसको लेकर भ्रम की स्थिति है। हालांकि स्टेट के चेयरमैन ने जीएसटी विभाग के अधिकारियों से वार्ता करके भ्रम दूर करने का प्रयास किया।

**कोऑपरेटिव स्टेट दादानगर में हुयी उद्यमियों की बैठक**

बैठक में कोपेस्टेट चेयरमैन विजय कपूर ने अध्यक्षता करते हुए उद्यमियों एवं व्यापारियों को बताया कि जीएसटी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा करने से यह स्पष्ट हो गया है कि यह कार्यवाही सभी उद्यमियों व व्यापारियों के लिये नहीं है। केवल उन्हीं लोगों के लिये है, जिनका मामला स्क्रूटनी में आया हो। जीएसटी पंजीकरण के समय दिये गये विवरण आदि में कोई त्रुटि पायी गयी हो। ईन्वे बिल बहुत अधिक मात्रा में जारी किये गये हों, लेकिन जीएसटी विवरणी में उसे कम दिखाया गया या निरस्त दिखाया गया हो, जानबूझकर कर अपवंचन के लिए जीएसटी का दुरूपयोग कर रहे हों, ऐसे ही केस स्क्रूटनी में आयेगे। ये कार्यवाही सभी के लिये नहीं है। उद्यमियों ने आशंका व्यक्त की कि जीएसटी के कुछ अधिकारियों की मंशा ठीक नहीं है और वे नियमों से हटकर उद्यमियों पर कार्यवाही का नाजायज दबाव बनाकर उनका उत्पीड़न कर सकते हैं। इस पर चेयरमैन विजय कपूर ने जीएसटी व सीजीएसटी के अधिकारियों से अपील की कि किसी भी उद्यमी का नाजायज तरीके से उत्पीड़न न किया जाये। यदि कोई अधिकारी या कर्मचारी द्वारा किसी उद्यमी का उत्पीड़न करने का प्रयास किया गया तो कोआपरेटिव इस्टेट के उद्यमी इसका पुरजोर विरोध करेंगे। बैठक में कोआपरेटिव इंडस्ट्रियल इस्टेट के उपाध्यक्ष सुरेश पुरी, निदेशक हरीश ईसरानी, दिनेश कुशवाहा, आर.पी. सिंह, बसन्त लाल विश्वकर्मा, नरेश पंजाबी, विशाल खण्डेलवाल, अरूण जैन, अवध पाल सिंह आदि मौजूद रहे।

## घर में घुसे पड़ोसी ने युवती से किया दुष्कर्म का प्रयास

**कानपुर (एसएनबी)।** नौबस्ता थानाक्षेत्र में युवती को घर में अकेला देख पड़ोसी घर में घुस गया और युवती को दबोच लिया। आरोपित ने युवती के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता के शोर मचाने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग निकला। पीड़िता ने आरोपित के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है।

नौबस्ता थानाक्षेत्र निवासी फैक्ट्री कर्मी की 25 वर्षीय पुत्री ने बताया कि मंगलवार सुबह पिता फैक्ट्री गये थे और मां नौबस्ता बाजार गई थी। वह घर पर अकेले थी। उसे अकेला देख पड़ोस में रहने वाला पूती पिता को पूछता हुआ घर में घुस आया और उसे दबोच कर भीतर कमरे में ले गया। आरोपित ने उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता किसी प्रकार उसके चंगुल से छूट का भागी और मदद के लिये उसने शोर मचाया। शोर सुनकर आसपास के लोग एकत्र हो गये। लोगों को देख आरोपित पीड़िता को जानमाल की धमकी देता हुआ भाग निकला। कुछ देर बाद जब पीड़िता की मां घर पहुंची तो उसने आपबीती मां को बताई। पीड़ित परिजन बेटी को लेकर थाने पहुंचे, जहां पीड़िता ने आरोपित के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपित की तलाश में जुटी है।

**आरोपित जानमाल की धमकी देकर फरार, पुलिस कर रही तलाश**

## बाइक सवार शोहदों ने छात्रा से की छेड़छाड़

**कानपुर।** बर्रा दो निवासी छात्रा किदवई नगर स्थित एक विद्यालय में 11वीं में पढ़ती है। छात्रा के मुताबिक मंगलवार सुबह वह घर से साइकिल लेकर स्कूल के लिये निकली थी। अभी वह नक्षत्र वाटिका गेट के मोड़ के पास पहुंची ही थी कि तभी बाइक सवार एक शोहदा उसके पास आया और जबरन दोस्ती करने का दबाव बताने हुये छेड़छाड़ करने लगा। जब उसने विरोध किया तो उसे बाइक पर खीचने का प्रयास किया। छात्रा के शोर मचाने पर शोहदा देख लेने की धमकी देता हुआ भाग निकला। दोपहर में छात्रा स्कूल से घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद पीड़ित परिजन छात्रा को लेकर थाने पहुंचे और अज्ञात शोहदे के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# छात्रा से छेड़खानी कर रहे युवक का बीच सड़क भीड़ ने सिर मुड़वाया, गिरफ्तार

**रावतपुर थाना क्षेत्र का मामला**

**छात्रा को रोककर मोबाइल नम्बर दे रहा था**

**दोस्ती करने का बनाया दबाव, छात्रा की मां ने भी पीटा**

**कानपुर (एसएनबी)।** रावतपुर क्षेत्र में स्कूल जा रही छात्रा का हाथ पकड़कर उसे मोबाइल नम्बर देने का प्रयास कर रहे और खुद को हिन्दु बताकर दोस्ती का दबाव बना रहे एक युवक को भीड़ ने दबोच लिया। भीड़ को शोहदे के पास मिले आधार कार्ड से जब उसका असली नाम पता चला तो उसे जमकर पीटा और बीच सड़क बैठाकर उसे गंजा कराने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस का कहना है कि छात्रा की ओर से तहरीर मिलने पर उसके आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी।



आरोपी का सर मुंडवाते क्षेत्रीय लोग।

रावतपुर के विकास नगर में रहने वाली एक छात्रा क्षेत्र स्थित स्कूल में पढ़ती है। मंगलवार सुबह वह स्कूल जा रही थी। वह जब जेएनके स्कूल के पास पहुंची तो युवक ने उसे रोक लिया और एक पर्ची देने लगा। छात्रा ने जब पर्ची लेने से मना किया तो युवक ने अपना नाम राजा बताया और कहा कि वह उससे दोस्ती करना चाहता है, यह मोबाइल नम्बर है ले लो। छात्रा ने फिर मना किया तो शोहदे ने उसका हाथ पकड़ लिया और जबरन पर्ची देने लगा। इस पर छात्रा ने शोर मचा दिया। शोर सुनकर इलाकाई लोगों ने शोहदे को पकड़ लिया और छात्रा से मामला पूछा। छात्रा ने लोगों को पूरी बात बता दी, इस पर लोगों ने जब युवक से उसका नाम पूछा तो उसने उन्हें भी अपना नाम राजा बताया।

इस पर लोगों ने उसकी तलाशी ली तो उसकी पैंट की जेब से एक आधार कार्ड मिल गया, जिसमें उसका नाम आरिफ मोहम्मद और निवासी औरैया बिधनू लिखा था। यह देखकर लोगों का गुस्सा भड़क गया और उन्होंने आरिफ को पीटना शुरू कर दिया। इस बीच वहां पर छात्रा की मां भी पहुंच गयी और उसने आरिफ को बीच सड़क चप्पल से पीटा। पीटने के बाद भी जब लोगों का गुस्सा शांत नहीं हुआ तो उन लोगों ने पास ही स्थित सैलून से एक युवक को बुलाकर आरिफ को बीच सड़क गंजा करा दिया और उसके बाद पुलिस को सूचना दी।

सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंची और शोहदे को पकड़कर रावतपुर थाने ले आयी। थाने में युवक ने बताया कि वह औरैया जनपद के बिधूना थाना क्षेत्र के डीनकामऊ गांव का रहने वाला है। वह रावतपुर स्थित एक रेस्टोरेन्ट में काम करता है। वह लड़की को जानता था, इसलिए उसे नम्बर दे रहा था।

रावतपुर थाना प्रभारी ने बताया कि आरिफ को हिरासत में ले लिया गया है। छात्रा की ओर से कोई तहरीर नहीं आयी है। तहरीर मिलने पर उसी के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी।

## नवनिर्वाचित पार्षदों का किया सम्मान



केवीए द्वारा सम्मानित किए गए नवनिर्वाचित पार्षद व संस्था के पदाधिकारी फोटो : एसएनबी

**कानपुर (एसएनबी)।** कानपुर व्यापारी एसोसिएशन (केवीए) ने मंगलवार को नवनिर्वाचित कई पार्षदों का सम्मान किया और उनसे पूरे कार्यकाल के दौरान जनहित के कार्य करने का अनुरोध किया। गुमटी बाजार की कई जनसमस्याओं का भी जिक्र कर उन्हें नगर निगम में मजबूती के साथ रखकर निस्तारण कराने की मांग की।

**कानपुर व्यापारी एसोसिएशन ने किया कार्यक्रम**

बम्बा रोड गुमटी के एक हॉल में आयोजित कार्यक्रम में केवीए के अध्यक्ष संजय टंडन ने पार्षद अमनदीप सिंह गंभीर (लवी गंभीर), पवन गुप्ता, आशुमेन्द्र प्रताप सिंह, आरती त्रिपाठी एवं अरविंद यादव का माल्यार्पण कर स्वागत किया। उन्हें प्रतीक चिह्न व अंग वस्त्र भी पहनाया। इसी के साथ उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए क्षेत्र की समस्याओं को नगर निगम के पटल पर मजबूती के साथ रखने के लिये प्रेरित किया। मंच का संचालन एसोसिएशन के प्रवक्ता रविंदर सिंह एड. ने किया। प्रमुख रूप से कपिल सब्बरवाल, पुष्पेंद्र जायसवाल, रोमी अरोड़ा, सरबजीत सिंह, श्याम गुप्ता, महेन्द्र सिंह खनूजा, महेश केसवानी, रवि जायसवाल, अमित घई, राजू चावला समेत बड़ी संख्या में व्यापारी और क्षेत्रीय लोग उपस्थित थे।

**कानपुर नगर निगम**
**कार्यालय मार्ग प्रकाश विभाग**
**अतिअल्पकालीन सामान्य निविदा सूचना**

कानपुर नगर निगम मार्ग प्रकाश विभाग के अन्तर्गत कान्ट्रेक्ट से सम्बन्धित विद्युत कार्य हेतु विद्युत ठेकेदार से नगर आयुक्त महोदय की स्वीकृति दिनांक 15.08.2023 के अनुसार 08 कार्यो हेतु निविदा निम्न प्रकार से आमंत्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धी अन्य जानकारी नगर निगम की वेबसाइट www://kmc.up.nic.in/ से प्राप्त कर सकते है।

| | |
|---|---|
| निविदा डालने की तिथि व समय | 19.05.2023 अपरान्ह 03.00 बजे तक |
| निविदा प्रपत्र की बिक्री की अन्तिम तिथि व समय | 18.05.2023 दोपहर 01.30 बजे तक |
| निविदा खोलने की तिथि व समय | 19.05.2023 सायं 04.00 बजे |
| कार्य की संख्या | 08 |

निविदा विवरण निर्धारित प्रारूप में उल्लिखित कार्य का विवरण, आगणन, निविदा की अर्नेस्टमनी, निविदा मूल्य तथा समयावधि आदि का विवरण तथा निविदा की शर्ते उपरोक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

**प्र. मुख्य अभियन्ता (मा./प्र.)** **नगर निगम, कानपुर**

**नगर आयुक्त** **नगर निगम, कानपुर**

G20 2023 INDIA

National Career Service

Government of India/भारत सरकार
Ministry of Labour & Employment/श्रम एवं रोजगार मंत्रालय,
Directorate General of Employment/रोजगार महानिदेशालय
National Career Service Centre for SC/STs/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति हेतु राष्ट्रीय आजीविका सेवा केन्द्र
Regional Employment Exchange Campus/प्रादेशिक सेवायोजन कार्यालय परिसर
G.T. Road, Kanpur-208005/जीoटीo रोड, कानपुर-208005
Ph. No. 0512-2970822 | Email : sreoknp@gmail.com

विशेष प्रशिक्षण योजना–2023–24 के प्रशिक्षण कार्य हेतु इस केन्द्र द्वारा मान्यता प्राप्त इच्छुक संस्थानों से आवेदन पत्र दिनांक 26 मई 2023 को सायं 05:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते हैं।

- चयनित संस्था द्वारा अनु0जाति / जनजाति के बेरोजगार अभ्यर्थियों को सामान्य अंग्रेजी, सामान्य ज्ञान, आशुलिपि, कम्प्यूटर टंकण, कम्प्यूटर ऑपरेशन का एक वर्षीय प्रशिक्षण देकर उन्हें समूह–ग की भर्ती परीक्षा की तैयारी कराना होगी।
- प्रशिक्षण 100 छात्रों के लिए सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक दोनों को सम्मिलित करते हुए सप्ताह में 6 कार्यदिवस पर आयोजित किया जाएगा।
- उक्त हेतु संस्थान को 1200/– प्रतिछात्र प्रतिमाह प्रोफेशनल चार्ज का भुगतान किया जायेगा।

**राज कुमार**
उप क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी
कानपुर

# अटल आवासीय विद्यालय के धीमे निर्माण पर जतायी नाराजगी

**कानपुर (एसएनबी)।** मंडलायुक्त ने बिल्हौर तहसील के ग्राम रामपुर नरुआ में निर्माणाधीन अटल आवासीय विद्यालय का निरीक्षण कर धीमी कार्य प्रगति पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि सभी कार्य माइक्रो प्लान के अनुसार नियत तिथियों के भीतर पूर्ण कराए जाएं, जिससे जुलाई से प्रारम्भ होने वाले शैक्षणिक सत्र में कक्षा-6 में 80 बच्चों (40 छात्र एवं 40 छात्राएं) को प्रवेशित कराकर विद्यालय प्रारम्भ कराया जा सके।



बिल्हौर तहसील में निर्माणाधीन अटल आवासीय विद्यालय का निरीक्षण करते मंडलायुक्त।

**मंडलायुक्त ने बिल्हौर के रामपुर नरुआ में चल रहे निर्माण कार्य की देखी प्रगति**

**जुलाई में शुरू किया जाना है पहला शैक्षिक सत्र**

मंडलायुक्त डॉ. राजशेखर ने मंगलवार को बिल्हौर तहसील के ग्राम रामपुर नरूआ में निर्माणाधीन अटल आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय राकेश वर्मा अधिशाषी अभियन्ता लोनिवि द्वारा अवगत कराया गया कि एकेडमिक ब्लाक की भौतिक प्रगति 95 प्रतिशत, ब्वायज हास्टल 85 प्रतिशत, गर्ल्स हास्टल की 92 प्रतिशत, टाइप 1 रेजीडेंस 95 प्रतिशत, टाइप 2 रेजीडेंस 93 प्रतिशत, टाइप 3 रेजीडेंस 95 प्रतिशत, प्रिंसिपल रेजीडेंस 98 प्रतिशत, इलेक्ट्रिक सबस्टेशन 73 प्रतिशत, कैन्टीन 63 प्रतिशत, बाउण्ड्रीवाल 95 प्रतिशत, एस0टी0पी0 35 प्रतिशत, अण्डर ग्राउण्ड वाटर टैंक 35 प्रतिशत, आन्तरिक मार्ग 35 प्रतिशत एवं नाला निर्माण कार्य 10 प्रतिशत हो चुका है। इसके अतिरिक्त प्लेग्राउण्ड एवं हार्टिकल्चर का कार्य अभी प्रारम्भ नहीं हुआ है। कार्य की धीमी प्रगति पर आयुक्त ने अप्रसन्नता व्यक्त किया और सभी कार्यो को समस्त कार्य माइक्रो प्लान के अनुसार नियत तिथियों के भीतर पूर्ण कराने के सख्त निर्देश दिये गये, ताकि माह जुलाई, 2023 के प्रथम सप्ताह से शैक्षणिक कार्य आरम्भ किया जा सके।

निरीक्षण में उपस्थित अधिशाषी अभियन्ता, दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम ने बताया कि 31 मई तक विद्यालय के बाहर विद्युत कनेक्शन कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। उपजिलाधिकारी ने बताया कि विद्यालय में 10 पुरुष एवं 20 महिला सुरक्षा गार्ड, 1 महिला एवं 1 पुरूष सुपरवाइजर की 3 शिफ्ट में आवश्यकता होगी। इसके अलावा 72 सीसीटीवी कैमरे, 12 पब्लिक एड्रेस सिस्टम की जरूरत पड़ेगी। अटल आवासीय विद्यालय, बिल्हौर सुदूर ग्रामीण अंचल में स्थित है। अतः सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस चौकी स्थापित किये जाने की जरूरत है। मंडलायुक्त ने अपर श्रमायुक्त, कानपुर मण्डल तथा प्रधानाचार्या अटल आवासीय विद्यालय, बिल्हौर को कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

मंडलायुक्त ने परिसर में आगामी जून और जुलाई में सघन वृक्षारोपण हेतु उपजिलाधिकारी, बिल्हौर एवं खण्ड विकास अधिकारी, बिल्हौर को मनरेगा योजना के अन्तर्गत वृक्षारोपण कराये जाने को कहा। निरीक्षण के समय उपस्थित सरिता श्रीवास्तव, प्रधानाचार्या द्वारा अवगत कराया गया कि अटल आवासीय विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु चयन प्रक्रिया सुचारू रूप से चल रही है और 1 जुलाई से कक्षा प्रारम्भ करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आवेदन पत्र का वितरण की अन्तिम तिथि 25 मई और पूर्ण रूप से भरे आवेदन पत्रों के जमा करने की तिथि 31 मई निर्धारित है। उक्त चयन परीक्षा का आयोजन मण्डल के सभी जनपदों में दिनांक 18 जून को प्रातः 11 से 01 बजे तक निर्धारित है। अपर श्रमायुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि विद्यालय हेतु टीचिंग स्टाफ का चयन बोर्ड के द्वारा किया जा रहा है तथा नान टीचिंग स्टाफ का चयन मण्डल स्तर से आउट सोर्सिंग स्रोत से किया जाना है। साथ ही फर्नीचर एवं उपकरण, कम्प्यूटर, लैपटाप, सीसीटीवी कैमरा, लाइब्रेरी पुस्तकें, लैब इक्यूपमेंट, पाठ्य पुस्तकें, दैनिक उपयोग की वस्तुएं एवं भोजन व्यवस्था हेतु प्रक्रिया मण्डल स्तर पर की जानी है। आयुक्त कानपुर मण्डल द्वारा अपर श्रमायुक्त को निर्देशित किया गया कि उक्त सभी व्यवस्थाओं के लिए शीघ्रातिशीघ्र मार्गदर्शन एवं मानक निर्धारण आदि के सम्बन्ध में बोर्ड से समुचित दिशानिर्देश प्राप्त कर प्रोक्योरमेंट की कार्यवाही शीघ्र सम्पादित कर ली जाए, ताकि बच्चों के प्रवेश के पूर्व समस्त तैयारियां पूर्ण हो जाए। निरीक्षण के समय सरजू राम अपर श्रमायुक्त, एनबी सविता संयुक्त विकास आयुक्त, रश्मि लांबा उप जिलाधिकारी बिल्हौर, मनोज द्विवेदी संयुक्त निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राकेश वर्मा अधिशाषी अभियन्ता लोनिवि, पीए मोगा अधिशाषी अभियन्ता विद्युत विभाग एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

